आकाशवाणी केन्द्र शिमला

31.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

प्रधानमंत्री—न्यायपालिका

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिलाओं पर अत्याचार और बच्चों की सुरक्षा समाज के लिए गंभीर चिंता के विषय हैं। उन्होंने कहा कि देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानून बनाए गए हैं लेकिन इसे और अधिक सक्रिय बनाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में ज़िला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार से संबंधित मामलों में जितने जल्दी से निर्णय लिए जाएंगे उतने ही जल्दी महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो पाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने से लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत का सम्मान बढ़ा है।

समझौता ज्ञापन

प्रदेश के युवाओं को विदेशों में रोज़गार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से राज्य सरकार और दुबई स्थित ई.एफ.एस. फैसिलिटी सर्विसिज़ ग्रुप लिमिटेड के बीच आज शिमला में एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू की उपस्थिति में ये समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये समझौता ज्ञापन प्रदेश के बेरोज़गार युवाओं को विदेशों में रोज़गार के अवसर उपलब्ध करवाने का मार्ग प्रशस्त करेगा और भविष्य में भी युवाओं को इस तरह के अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार रोज़गार के अधिक अवसर सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी पाठ्यक्रमों में आवश्यक संशोधन करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोज़गार व स्वरोज़गार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और पिछले लगभग 20 माह के कार्यकाल के दौरान सरकारी क्षेत्र में 31 हज़ार से अधिक पद सृजित किए गए हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 5 उम्मीदवारों को विदेश में कार्य करने के लिए

नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए। इस मौके पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

कृषि मंत्री

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है और प्राकृतिक खेती से उत्पादित 20 क्विंटल अनाज की खरीद प्रति परिवार की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके तहत 40 रूपए प्रति किलोग्राम की दर से गेहूं और 30 रूपए प्रति किलोग्राम की दर से मक्का की खरीद की जाएगी। कृषि मंत्री आज कांगड़ा ज़िला के ज्वाली विधानसभा क्षेत्र की मैरा बुसकाड़ा पंचायत में 9 ट्यूबवैल का शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। चंद्र कुमार ने कहा कि भरमाण क्षेत्र में 5 करोड़ 31 लाख रूपए की लागत से बनने वाले ट्यूबवैलों से करीब एक सौ 25 परिवार लाभान्वित होंगे। उन्होंने ये भी कहा कि सितम्बर माह से प्रदेश में पशुओं की गणना शुरू की जाएगी और डिजिटल ऐप पर रिकॉर्ड दर्ज किया जाएगा।

जयराम ठाकुर

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार ने 18 महीने के कार्यकाल में 24 हज़ार करोड़ से अधिक का कर्ज ले लिया है और इस साल के अंत तक ये एक लाख करोड़ के पास पहुंच जाएगा। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने कर्मचारियों के जी.पी.एफ. को भी गिरवी रख कर कर्ज लिया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि डेढ़ साल के कार्यकाल में हर वर्ग सरकार के खिलाफ सड़कों पर है और कांग्रेस सरकार प्रदेश को आर्थिक दिवालियापन की तरफ ले जा रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि एक तरफ सरकार अपने मंत्रियों और सी.पी.एस. का वेतन दो महीने के लिए विलंबित करने की घोषणा करती है, वहीं दूसरी तरफ उनकी असंवैधानिक नियुक्ति को बचाने के लिए करोड़ों रूपए दिल्ली के वकीलों पर खर्च करती है। उन्होंने सरकार से कर्मचारियों का वेतन और पैंशनरों को समय पर पैंशन प्रदान करने की भी सलाह दी।

ट्रैकिंग अभियान

लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पुष्कर जनरल ऑफिसर कमांडिंग खरगा कोर ने आज खरगा युद्ध स्मारक, विजय स्मारक अंबाला छावनी में 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पिन पार्वती घाटी में शुरू किए गए ट्रैकिंग अभियान क्षितिज के पार के सफल समापन पर पाइन डिवीज़न वॉरियर्ज़ के अभियान दल का स्वागत किया। मेजर पुनीत कुमार के नेतृत्व में 15 सदस्यीय इस दल ने मड से अपना अभियान शुरू किया और पिन पास, मतलाई, ओडी थैच, खीर गंगा, मणिकर्ण और पिन पार्वती घाटी से होते हुए ये दल आगे बढ़ा। लैफ्टिनेंट जनरल राजेश पुष्कर ने दल के सदस्यों को उनके समर्पण, साहस और समावेशिता की भावना को बढ़ावा देने की शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में साहस व समन्वय को बढ़ावा देना था।

पोषण माह

देश सहित प्रदेश में कल पहली सितम्बर से 30 सितम्बर तक पोषण माह आयोजित किया जाएगा। इस दौरान 6 वर्ष की आयुवर्ग के बच्चों में अल्प पोषण, अनीमिया व कम वज़न और किशोरियों, गर्भवती महिलाओं व धात्री माताओं की समस्याओं का निराकरण करने की दिशा में कार्य किए जाएंगे। इसी कड़ी में आज कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने धर्मशाला में पोषण जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए ज़िला प्रशासन के माध्यम से मिशन भरपूर अभियान भी चलाया गया है जिसके तहत कुपोषित बच्चों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की देखरेख में पौष्टिक आहार दिया जाता है।